वेबसाइट/ई-मेल के माध्यम से

स.12015/03/2020- रा.भा.(त.क.)
**राजभाषा विभाग**
**गृह मंत्रालय**

एन.डी.सी.सी. II भवन
चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 27/07/2021

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: ग्लोबल अनुवाद डेटाबेस को सुदृढ़ करने के लिए स्मृति आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर/टूल "कंठस्थ" के माध्यम से ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन।**

राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक **02 अगस्त 2021 से 01 सितंबर 2021** के दौरान स्मृति आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर **"कंठस्थ"** के माध्यम से ऑनलाइन अनुवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य राजभाषा अधिकारियों/अनुवादकों को **"कंठस्थ"** में काम करने के लिए प्रेरित करना तथा **"कंठस्थ"** के ग्लोबल डेटा बेस को सुदृढ़ करना है ताकि इस सॉफ्टवेयर/टूल का प्रयोग करने वाले सभी प्रयोक्ता लाभान्वित हो सकें। **सर्वाधिक TM (Translation Memory) जोड़ने वाले शीर्ष दस अनुवादकों तथा दस जांचकर्ताओं को सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।** इस प्रतियोगिता के **नियम/शर्तें** निम्नलिखित होंगी –

1. इस प्रतियोगिता में केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागो, राष्ट्रीयकृत बैंको तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में राजभाषा /अनुवाद के क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारी/ कर्मचारी भाग ले सकते हैं।
2. प्रतिभागियों को अंग्रेजी तथा हिन्दी भाषा में अनुवाद के ज्ञान के साथ-साथ कंप्यूटर पर हिन्दी में काम करने की जानकारी भी होनी चाहिए।
3. प्रतिभागी अनुवाद कार्य की प्रविष्टि **"कंठस्थ"** के वैब संस्करण के माध्यम से ही करेगा, अत: प्रतिभागी **"कंठस्थ"** के वैब संस्करण पर पंजीकृत होना चाहिए।
4. प्रतिभागी को कंप्यूटर/ लैपटाप तथा इन्टरनेट की उपलब्धता स्वयं सुनिश्चित करनी होगी।
5. प्रतियोगिता के लिए अलग से पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं होगी।
6. दिनांक **02 अगस्त 2021 से 01 सितंबर 2021** के मध्य **"कंठस्थ"** ग्लोबल टीएम पर अपलोड किए गए अनुवाद कार्य-टी एम (TM) की गणना प्रतियोगिता के लिए की जाएगी। इस अवधि के दौरान ग्लोबल टीएम में कम से कम 1000 टीएम (सिगमेंट) अपलोड करने वाले प्रतिभागियों को ही प्रतियोगिता में

सम्मिलित माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि कम से कम 10 शब्दों के एक वाक्य(सिगमेंट) को 1 टी एम के रूप में गिना जाएगा। इससे कम शब्दों वाले वाक्य की गणना प्रतियोगिता हेतु नहीं की जाएगी।

7. प्रतियोगिता के अंत में वाक्यों की गणना के आधार पर विजेताओं का चयन किया जाएगा।
8. वाक्यों (सिगमेंट) की गणना करते समय सिस्टम द्वारा अंकों, संक्षिप्त नाम (abbreviation) तथा 10 शब्दों से कम शब्दों वाले वाक्यों/टीएम (सिगमेंट) की गणना नहीं की जाएगी।
9. कृपया ध्यान दें, ग्लोबल डेटाबेस में डुप्लिकेशन वाली सिगमेंट की गणना प्रतियोगिता हेतु नहीं की जाएगी।
10. ग्लोबल टीएम पर डेटा केवल अधिकृत जांचकर्ता (Vetter) द्वारा ही अपलोड किया जा सकता है।
11. राजभाषा अधिकारी/अनुवादक तथा जांचकर्ता ग्लोबल टीएम पर डेटा अपलोड करते समय वाक्यों की वर्तनी, वाक्य संरचना तथा अनुवाद आदि की तथ्यपरकता एवं गुणवत्ता आदि का ध्यान रखें। तथ्यपरक वाक्यों को ही डेटाबेस में डाला जाए।

**सहायता -**

1. जिन मंत्रालयों /विभागो/कार्यालयो/बैंकों/उपक्रमों आदि ने कंठस्थ के सैंट्रल सर्वर पर डेटा अपलोड (ग्लोबल टी एम ) करने के लिए अपने कार्यालय से जांचकर्ता को अधिकृत नही कराया है, वे अपने कार्यालय के माध्यम से निम्न फॉर्मेट में सूचना techcell-ol@nic.in पर भेजकर जांचकर्ता को अधिकृत करा सकते हैं।

| क्रम सं. | मंत्रालय/विभाग का नाम | जांचकर्ता (vetter) का नाम व पदनाम | **"कंठस्थ"** का यूजर आईडी | मोबाइल संख्या | ई-मेल आईडी | पुष्टि करने वाले अधिकारी का नाम व पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

2. प्रतियोगिता के समय किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए राजभाषा विभाग तथा सी -डैक की निम्नलिखित टीम सहायता प्रदान करेगी-

| **क्रम सं** | **नाम व पदनाम** | **संस्थान** | **मोबाइल नंबर** | **ई-मेल आई डी** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप-निदेशक (रा.भा./तकनीकी) | राजभाषा विभाग | 9891358585 | rajesh.srivastva@nic.in |
| 2. | श्री दीपक कुमार, निरीक्षक | राजभाषा विभाग | 9568400689 | techcell-ol@nic.in |
| 3. | श्री शशिपाल, संयुक्त निदेशक | सी-डैक, पुणे | 9371542211 | shashis@cdac.in |
| 4. | श्री मयंक , प्रोजेक्ट इंजीनीयर | सी-डैक, पुणे | 7903537501 | mayankr@cdac.in |

3. **"कंठस्थ"** के प्रयोग के बारे में जानने के लिए एक वीडियो एवं प्रशिक्षण पुस्तिका राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर **"कंठस्थ"** टूल के अंतर्गत उपलब्ध है।

परिणाम -

प्रतियोगिता का परिणाम **14 सितंबर 2021** को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

पुरस्कार –

1. ग्लोबल डेटाबेस मे सर्वाधिक TM जोड़ने वाले शीर्ष दस अनुवादकों (अनुवाद अधिकारियों/राजभाषा अधिकारियों/कर्मचारियों) को सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र विजेताओं के कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से प्रदान कराए जाएंगे।
2. ग्लोबल डेटा बेस मे सर्वाधिक TM जोड़ने वाले शीर्ष दस जांचकर्ताओं (Vetters) को सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र विजेताओं के कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से प्रदान कराए जाएंगे।
3. प्रथम पाँच विजेताओं के कार्यालयाध्यक्षों को सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।
4. प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी विजेताओं तथा ग्लोबल टीएम में 5,000 से अधिक टीएम अपलोड करने वाले प्रतिभागियों का विवरण (सचित्र) राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा तथा साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्रिका "राजभाषा भारती" में भी प्रकाशित किया जाएगा।

27/7/21

(धर्मराज खटीक)

उप-सचिव (तकनीकी)

प्रतिलिपि –

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/ विभाग –अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता को अपने संबंद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों की जानकारी में लाएं एवं प्रोत्साहित करें ।
2. भारत सरकार के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा राष्ट्रीयकृत बैंको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक - अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता को अपने संबंद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों की जानकारी में लाएं एवं प्रोत्साहित करें ।
3. निदेशक ,केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो
4. केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान –अनुरोध है कि इस कार्यालय ज्ञापन को समस्त क्षेत्रीय उपनिदेशकों के ध्यान में ला दें ।
5. सचिव, संसदीय राजभाषा समिति , नई दिल्ली
6. सी- डैक, पुणे – अनुरोध है कि प्रतियोगिता के सुचारु संचालन में सहयोग प्रदान करें ।
7. राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय – अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता के बारे में अपने क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों ,उपक्रमों,बैंकों,वित्तीय संस्थाओ तथा केंद्र सरकार के

स्वामित्व में आने वाले विश्वविद्यालयों,शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को बताए ।

8. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाएँ।
9. सचिव, राजभाषा विभाग के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव को सूचनार्थ।
10. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान निजी सचिव को सूचनार्थ।
11. सभी निदेशक, राजभाषा विभाग को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।

27/7/2

**(धर्मराज खटीक)**
**उप-सचिव (तकनीकी)**

**"कंठस्थ" के प्रयोग संबंधी कुछ मुख्य बिन्दु"**

- "कंठस्थ" की वेबसाइट www.kanthasth-rajbhasha.gov.in है।
- प्रयोक्ता पुस्तिका तथा अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों का संकलन **"कंठस्थ"** की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।
- **"ऑनलाइन कंठस्थ में काम करना बहुत आसान-करके तो देखिए"** नामक संक्षिप्त पुस्तिका भी "कंठस्थ" की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।
- "कंठस्थ" में प्रोजेक्ट ,फोल्डर तथा फाइल के नाम में केवल वर्णमाला तथा संख्या को लिया जाता है तथा इसका पहला अक्षर वर्ण होना चाहिए। नाम के अंत में स्पेस नही होना चाहिए । प्रोजेक्ट व फोल्डर में अधिकतम वर्णों की संख्या 20 वर्ण तथा फाइल में अधिकतम वर्णो की संख्या 100 वर्ण तक ली जा सकती है । अधिकतम 20 MB तक के साइज की फाइल अनुवाद के लिए अपलोड किया जा सकती है।
- यूजर द्वारा जब फाइल को एडिटर पेज पर अनुवाद के लिए खोला जाता है तो फाइल पर उपलब्ध डेटा वाक्यों के रूप में में दिखाई देता है क्योंकि यह सॉफ्टवेयर फाइल में प्रयोग किए विशेष शब्द चिह्नों जैसे (लाइन विभाजन (/), प्रश्नवाचक चिह्न (?), डॉट (.) तथा पूर्णविराम (।)) के आधार पर फाइल को वाक्यों में विभाजित करता है।
- यूजर द्वारा कमिट किया गया कार्य टीएम के रूप में संरक्षित होता है जो प्रोजेक्ट तथा फोल्डर के आधार पर स्वत: ही निर्मित होती है ।
- यूजर द्वारा मेन्यू बार में Show TM बटन की सहायता से उसके द्वारा किए गए कार्य को देखा जा सकता है तथा जांचकर्ता के माध्यम से ग्लोबल डेटाबेस में भेजा जा सकता है ।
- जांचकर्ता द्वारा समीक्षा (Review) बटन की सहायता से प्राप्त टीएम की जांच कर उन्हे ग्लोबल टीएम में भेजा जा सकता है ।
- "कंठस्थ" के प्रयोग में आ रही किसी भी समस्या हेतु समस्या के स्क्रीनशॉट के साथ **सहायता** के बिन्दु संख्या (2) में उल्लिखित टीम से संपर्क किया जा सकता है ।